## न्यूज ब्रीफ

### भूपेश बघेल को नीरज कन्नौजे ने गुलदस्ता भेंटकर दी जन्मदिन की बधाई



**राजनांदगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस कद्दावर नेता भूपेश बघेल की जन्मदिन के अवसर पर राजनांदगांव शहर कांग्रेस दक्षिण मंडल के महामंत्री नीरज कन्नौजे भिलाई स्थित उनके निवास पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर और केक काटकर उनके मुंह मीठा कराकर ढेर सारी शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर बघेल उन्हें देखकर गदगद हो गए। गौरतलब है कि बघेल के राजनांदगांव के लोकसभा प्रत्याशी रहते और उससे पूर्व उनके प्रत्येक दौरे की सफ्लता के लिए अपने लाव लश्कर के साथ कड़ी मेहनत की है। जिसे बघेल भूले नहीं है। यही वजह है कि बघेल ने उन्हें देखकर विशेष सम्मान दिया और उनसे चर्चा के लिए काफी समय निकालकर विशेष तौर से नगरी निकाय चुनाव के संबंध में खुलकर चर्चा की है। इस अवसर पर कन्नौज ने विनम्रता पूर्वक कहा कि वे बघेल जैसा भी आदेश करेंगे मानने के लिए तैयार हैं। इस दौरान कन्नौजे के साथ प्रदीप यादव, सहदेव साहू, जावेद, पारस गुप्ता, संदीप सोनी, सुरेंद्र मंडावी, कुमुद साहू, अमन भाई सहित बड़ी संख्या में शहर दक्षिणी मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ के बच्चों ने लहराया परचम

**डोंगरगढ़।** राज्य स्तरीय 15 दिवसीय संस्कृत दिवस का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ संस्कृत सेवा संस्थान बिलासपुर द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमे विद्यार्थियों के लिए दिनांक 10 अगस्त को निबंध पाठ, 13 अगस्त को सूक्ति पाठ, एवं 17 अगस्त को संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता रखा गया था। जिसका परिणाम आज छत्तीसगढ़ संस्कृत सेवा संस्थान बिलासपुर द्वारा घोषित किया गया है। आपको बताते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ के बच्चों ने राज्य के विभिन्न विद्यालयों से सम्मिलित प्रतिभागी बच्चों के बीच अपने विद्यालय और डोंगरगढ नगर का नाम रौशन किया है। विद्यालय के कर्मठ संस्कृत व्याख्याता डॉ. निरंजन ठाकुर के मार्गदर्शन मे बच्चों के परिश्रम से अंग्रेजी माध्यम मे पढ़ते हुए बच्चों ने अपने संस्कृति और संस्कृत भाषा के प्रति लगाव व ज्ञान को सिद्ध किया है। संस्था के प्राचार्य श्री वाय. एस. राव महोदय ने सभी विजयी बच्चों एवं संस्कृत व्याख्याता डॉ. निरंजन ठाकुर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय से कुल 15 बच्चों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया था। जिसमे 3 बच्चों ने प्रथम स्थान तथा 1 ने द्वितीय स्थान 1 ने तृतीय स्थान तथा 1 ने चतुर्थ (सांत्वना) स्थान प्राप्त किया। आप सभी बच्चों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

# समाज की किसी भी बेटियों पर अत्याचार को रोकने के लिए हम सबको खड़ा होना पड़ेगा : विशाल ताम्रकार

समवेत शिखर संवाददाता



**कुम्हारी।** लक्ष्य सनातन संगम के राष्ट्रीय संचालक सलाहकार एवं हिन्दू जनजागृति समिति के सदस्य विशाल ताम्रकार ने पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की अखंड भारत के निर्माण के लिए आज परिस्थितियां सामान्य नहीं है हम जब बांग्लादेश, पाकिस्तान को देखते है तो हमें लगता है कि हम मानसिक गुलामी की ओर बढ़ रहे है हम सोचने लगते है कि जो घटनाएं हो रही है उससे हमें क्या हम तो यहां सुरक्षित हैं। लेकिन हम गलतफहमी में जी रहे है दुर्भाग्य है कि हमारे देश के 9 राज्य ऐसे है जहां बहुसंख्यक अल्पसंख्यक हो गए है हम अल्पसंख्यक की परिभाषा समझ ही नहीं पा रहे हैं। आज अल्पसंख्यक बहुसंख्यक का लाभ ले रहे हैं किसी भी प्रदेश में जब कभी अप्रिय घटना होती है तो यह किसकी जिम्मेदारी है? यह हम सब की जिम्मेदारी है आज बेटियों को सुरक्षित रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है हमें योजना बद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है समाज कोई भी हो अगर बेटियों पर अत्याचार होता है तो क्या हमें खड़े रहना नहीं चाहिए इस विषय में जो आंकड़े सामने आ रहे हैं यह निश्चित रूप से चौंकाने वाले हैं।

विगत तीन वर्षों में 56 हजार के करीब लड़कियां छत्तीसगढ़ से गायब है इसमें अगर सिर्फ रायगढ़ जिले की बात करें तो 60 लड़कियां हर महीने गायब हो रही है और पूरे देश भर में 13 लाख से अधिक लोग गायब हैं क्या यह हमारे लिए चिंता का विषय नहीं है सत्ता परिवर्तन होते रहते हैं अलग अलग पार्टियों के हाथों साइट आती जाती रहती है वे अपना काम भी करते करेंगे लेकिन हमारा भी तो समाज के लिए कुछ दायित्व है इसके लिए जातीय भेदभाव से हटकर हम सबको सामाजिक स्तर पर संयुक्त रूप से एक होकर काम करने की आवश्यकता है। आज धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी समस्याएं देखने में आ रही है इस पर भी हम सबको मिलकर काम करना होगा हमें इस बात पर भी गौर करने की आवश्यकता है कि आखिर किस अभाव की वजह से लोग धर्मांतरण के लिए विवश हो जाते हैं। इन सबके लिए हम आप और प्रशासन की जिम्मेदारियां भी तय होनी चाहिए और कुछ दिन पहले दुर्ग में भी कुछ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया था उनके पास से पश्चिम बंगाल के आधार कार्ड पाए गए थे इससे क्या समझा जाए इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर भी कसावट जरूरी है पिछले दिनों हैदराबाद से राजा भैया का रायपुर आगमन हुआ था उन्होंने तमाम विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि किस तरह हमें एकजुट होकर ऐसी ताकतों का मुकाबला करना चाहिए। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर आखिर यह घटनाएं क्यों हो रही है और इसपर रोकथाम कैसे हो इस पर विशाल ताम्रकार ने बताया कि इसके लिए समाज के अलावा लचर कानून व्यवस्था और हमारे संविधान में कुछ कानून व्यवस्था को सुधारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में बड़े-बड़े मंदिर है जहां करोड़ों अरबों का चढ़ावा आता है ऐसे धन का इस्तेमाल गुरुकुल बनाकर बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जानी चाहिए साथ ही उन्हें सनातन धर्म की जानकारी दी जाए ताकि बच्चे अच्छे बुरे का भेद बेहतर समझ सके। अंत में उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में प्रत्येक व्यक्ति को सोचने की आवश्यकता है हमारा अर्पण और समर्पण का भाव ही देश को सुरक्षित कर सकता है हमें समर्पित भाव से अपना तन मन धन समर्पित कर राष्ट्र निर्माण में बेटियों की सुरक्षा हर हाल में करनी होगी। इस प्रेस वार्ता में रामाधार शर्मा, मिथलेश यादव, अवधेश शुक्ला, रामकुमार सोनी एवं अमरजीत सिंह गिल ने भी संबोधित किया।

## राधे कृष्ण की चैतन्य झांकी, प्रेम और आध्यात्मिकता का अनोखा संगम



समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, आनंद सरोवर बघेरा, दुर्ग छत्तीसगढ़ में 25, 26 और 27 अगस्त को तीन दिनों के लिए राधे कृष्ण की चैतन्य झांकी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संध्या 6:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक होगा। इस आयोजन में राधा कृष्ण की प्रेम कहानी को सजीव प्रस्तुति, दिव्य गीत और मधुर संगीत के साथ प्रदर्शित किया जाएगा। भगवान कृष्ण, जिन्हें 16 कलाओं का स्वामी माना जाता है, ने अपने जीवन में प्रेम, न्याय, और सच्चाई की शिक्षा दी। राधा, जो कृष्ण की सबसे प्रिय भक्त थीं, ने अपने प्रेम में समर्पण की मिसाल पेश की, जो आज भी प्रेम और भक्ति की प्रतीक है। इस आयोजन में राधा कृष्ण की चैतन्य झांकी का दर्शन कर सकते हैं, जो आपको आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगी। साथ ही, यहां दिव्य गीतों और मधुर संगीत का आनंद ले सकते हैं, जो आपकी आत्मा को शांति और सुख प्रदान करेगा। राधा का कृष्ण के प्रति प्रेम एक अनोखा उदाहरण है जो हमें सच्चे प्रेम और समर्पण की शिक्षा देता है। उनका प्रेम हमें सिखाता है कि प्रेम में कोई शर्त नहीं होती, और यह केवल दो आत्माओं के बीच का संबंध होता है। ब्रम्हकुमारी ने सभी को इस आयोजन में आमंत्रित किया है। आयोजन स्थल पर आपका स्वागत है।

# हितग्राही वापस जा रहे खाली हाथ, राशन कटौती से बढ़ी दुकानदारों की परेशानी

### हितग्राहियों से हो रहा दुकानदार का विवाद, बन रही विकट स्थिति

समवेत शिखर संवाददाता



**साजा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से गरीबो को वितरित किये जाने वाले खाद्य सामग्री में कटौती कर भंडारण किये जाने से राशन वितरण में काफ़ी परेशानी देखने को मिल रही हैं, राशन कटौती किये जाने से ब्लॉक के प्रत्येक दुकानों में 20 से 100 क्विंटल तक कि कटौती कि गयी हैं। जिस वजह से आधे हितग्राहियो को राशन उपलब्ध नहीं होने के कारण खाली हाथ वापस जाना पड़ रहा हैं ।

**जिला खाद्य अधिकारी को किए हैं निवेदन :** जिसके परिनीति में कही कही दुकानदार और हितग्राहियो के बीच वादविवाद कि स्थिति बन रही, जबकि पूरा आबंटन नहीं होने के कारण वितरण कार्य नहीं हो रहा हैं। जिसके संदर्भ में राशन दुकानों से कटौती किये गए खाद्यान भेजे जाने के लिए जिला खाद्य अधिकारी को भी पूर्व में आवेदन दिया हैं। राशन ना होने के कारण ब्लॉक कि बहुत से दुकाने कई दिनों से खुल नहीं रही हैं, जिससे हितग्राही दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, पर खाद्यान ना होने के कारण दुकान संचालक भी कुछ नहीं बता पा रहे। जिसके वजह से विवाद कि स्थिति भी निर्मित हो रही हैं। इस संदर्भ में आज अनुविभागीय अधिकारी साजा को बड़ी संख्या में पहुचे राशन विक्रेताओ ने कटौती किये गए राशन सामग्रीयों को अतिशीघ्र राशन दुकानों में भेजे जाने के माँग करते हुए ज्ञापन सौंपा हैं। जिससे महीने में वितरण में बचे कार्डधारियों को राशन वितरण किया जा सके।

**क्या कहते है राशन दुकानदार :** उक्त संबंध में राशन दुकानदारों का कहना हैं कि राशन सामग्री कम भेजनें के कारण हम वितरण नहीं कर पा रहे ब्लॉक के अधिकांश दुकानों में बड़ी कटौती होने कि वजह से पुरे हितग्राहियो को राशन नहीं मिल पाया हैं,सामग्री ना होने कारण हमें मजबूरन दुकाने बंद रखना पड़ रहा।

# चोरों ने तीन दुकान में ताला तोड़कर एक लाख ले उड़े

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक मे बीती रात शातीर चोरो ने तीन दुकान का ताला तोडकर एक लाख से अधिक राशि ले उडे;एक माह मे यह नगर मे पांचवी चोरी की घटना है लगातार नगर मे बढ रहे चोरी की घटना से व्यासायी परेशान है,जय स्तंभ चौक पर कई साल से खराब पडे सीसी कैमरा सुधारने तथा रात मे पुलिस गस्त बढाने की नागरीको ने मांग की है,पुलिस प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना मे लिया है।

नगर मे पिछले दिनो हुई चोरी की घटना मे पुलिस को लगातार कामयाबी मिल रही है बावजूद इसके चोरी की घटना मे विराम नही लग पा रहा है।नागरीको का मानना है कि नगर मे खुलेआम नशीली पदार्थ गांजा की बिक्री व सट्टे के बढते कारोबार के चलते ही अपराधो मे काफी ईजाफा हुआ है पुलिस को इस मामले मे कोई बडी कामयाबी नही मिल पा रही है।



गौरतलब है कि नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक तथा मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र मे बीती रात हरिओम जोधपुरी स्वीट्स एवं नमकीन दुकान से करीब 60 हजार,पटेल मोबाइल दुकान से 40 हजार तथा बेमेतरा रोड स्थित एक दुकान से करीब 7 हजार रूपए कुल एक लाख से अधिक की राशि अज्ञात चोरो ने सटर का ताला तोडकर उडा ले गये।चोरो ने दुकानो मे रखी कीमती सामानो को हाथ भी लगाया एक ही रात मे तीन दुकान की ताला टूटने चोरी की वारदात से नागरीक अब असुरक्षित महसूस कर रहे है। इधर पुलिस चोरो को पकडने जांच मे जूट गयी है कुछ दुकानो मे लगी सीसी टीवी फूटेज को खंगालने नगर के चिंहांकित, शातिर चोरो तथा अपराधिक गतिविधियों मे शामिल लोगो से पूछताछ शुरू कर दी है।कबीरधाम तथा बेमेतरा जिले की सरहद होने कारण पुलिस को अनेक विसंगतियों का भी सामना करना पडता है जिससे विवेचना जैसे काम प्रभावित होता है वही सरहद होने की वजह से कई प्रकार की तस्करी को भी फायदा मिलता है और पुलिस काथ अपराधियों तक नही पहुंच पाती है।

**चौक मे लगी सीसी कैमरा दुरूस्त करने की जरूरत :** नगर के हृदय स्थल, मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र तथा अतिव्यस्तम चौक जय स्तंभ चौक मे जन सहयोग से लगी सीसी कैमरा कई साल से खराब पडी है जिसे सुधरवाने की जरूरत है।

# हलषष्ठी में बच्चों की लंबी उम्र के लिए माताओं ने की पूजा

समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** वार्ड नं.15 हाउसिंग बोर्ड कालोनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में हमषष्ठी के अवसर पर पंडिताईन श्रीमती केतकी त्रिपाठी ने कहा कि यह बच्चों की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा उपवास किया जाने वाला छत्तीसगढ़ी संस्कृति का यह एक ऐसा पर्व है जिसे हर जाति व हर वर्ग के लोग मनाते हैं। हलषष्ठी, हलछठ, कमरछठ, खमरछठ, हलषछट्ठी आदि नामों से इस पर्व को लोग जानते हैं। शनिवार को इस पर्व पर माताओं ने सुबह से महुआ पेड़ की डाली का दातुन कर ,स्नान कर व्रत धारण किया।मंदिर प्रांगण के सामने सगरी बनाई गई इसमें पानी भरा गया। मान्यता है कि पानी जीवन का प्रतीक है। बेर की डाली,पलाश,गूलर,आदि पेड़ों के टहनियों और काशी के फूलों से सगरी की सजावट की गई। इसके सामने गौरी-गणेश, मिट्टी से बनी हलषष्ठी माता की प्रतिमा और कलश की स्थापना कर पूजा की गई।साड़ी सहित सुहाग की दूसरी चीजें भी माता को समर्पित की गई। इसके बाद पंडिताईन द्वारा हलषष्ठी माता की 6 कथा पढ़ी और सुनाई गई।इस पर्व में पसहर चांवल,भैंस का दूध,6 प्रकार की भाजी एवं इस दिन हल से जोता गया अनाज नहीं खाने का रिवाज है। इस त्यौहार को मनाने की यह प्रथा है कि



कंस द्वारा माता देवकी के 6 बच्चों को मारने के बाद माता देवकी ने हलषष्ठी माता की पूजा कर भगवान बलराम जी को जन्म दिया जो भगवान श्री कृष्ण जी के बड़े भाई थे , तब से इस त्यौहार को लोग मनाते आ रहें हैं। इस पूजा में वार्ड पार्षद श्रीमती रागिनी राजू निषाद, श्रीमती कमला निषाद, श्रीमती जयश्री बिछिया, श्रीमती संध्या देवांगन, श्रीमती भारती निषाद, श्रीमती रानी वर्मा, श्रीमती शांता शर्मा, श्रीमती सुनैयना सोनी, श्रीमती ललिता चौधरी, श्रीमती दीप्ति चौहान,श्रीमती अंजू निषाद,श्रीमती किरण राजपूत, श्रीमती अंकिता सोमवंशी, श्रीमती लता चंद्राकर आदि ने पूजा की।

# शासकीय कन्या शाला में अंतरिक्ष दिवस का महत्व बताया एवं समझाया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** 23 अगस्त को इसरो का चन्दयान -3 मिशन चाँद की सतह पर शिव शक्ति बिंदु पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिग की उपलब्धि को भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की घोषणा की द्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरागढ़ मे छात्राओ को अंतरिक्ष दिवस का महत्व बताया गया इस अवसर पर शाला के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि भारत मे अर्याभट्ट, बारह मिहिर जैसे खगोल वैज्ञनिक हुए द्य आज इसरो के हमारे वैज्ञानिकों ने भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण पहचान एवम उपलब्धि दिलाई है इसी कारण आज हम चाँद मे मानव निवास की कल्पना कर रहे है राष्ट्रिय अंतरिक्ष दिवस मनाने का उद्देश्य प्रोद्योगिकी के प्रति युवा पीढी को रुचि विकसित करना। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य कुणाल टंडन ने हमारे देश के अंतरिक्ष मिशनों की शानदार उपलब्धि को उजागर करते हुए बताया कि 23 अगस्त 2023 को चन्द्रायान -3 मिशन शिव शक्ति बिंदु पर विक्रम लैंड की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिग से भारत का अंतर्राष्ट्रीय पटल पर गौरव बढ़ा है इस अवसर पर श्री गिरिवर कोसरे, अखिलेश श्रीवास्तव, व्याख्याता, तृप्ति दशरिया, उतरा सहु, खूम वर्मा, करण साहू, रिया जैन आदि उपस्थित रहे।


## कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 27 बीकेसी, सी 27, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई) मुंबई -400051, कार्पोरेट पहचान नं. एल65110एमएच1985पीएलसी038137, कॉर्पोरेट ऑफिस : कोटक इनफिनीटी, जोन-2, चौथा फ्लोर, बिल्डिंग नं. 21, इनफिनीटी पार्क, डब्ल्यू.ई. हाइवे के सामने, गोरेगांव, मुंबई-400097, शाखा कार्यालय: कोटक बैंक प्रथम तल, मुक्त प्रयाग काम्पलेक्स निरंकारी फर्नीचर के बाजू, पंडरी रायपुर-492001 छत्तीसगढ़.

### नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पास बंधक है तथा जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 09-05-2024 को ले लिया गया है, तथा जिसे 'जहां है जैसा है', 'जो है जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा, अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वेब पोर्टल अर्थात www.clindia.com के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

| उधारकर्ताओं/गारंटरों/ बंधककर्ताओं का नाम | मांग नोटिस की तिथि और राशि | अचल राशि का विवरण |
|---|---|---|
| **ऋण खाता संख्या 685042000137 एवं 685044000630 सभी खाते के समान सीआरएन नं. 1096576621, 1. मेसर्स गणपति सेल्स कॉर्पोरेशन (राइस मिल), इसके मालिक श्री रामनिवास के माध्यम से, 2. श्री रामनिवास शर्मा पिता श्री सीताराम शर्मा, 3. श्री मुकेश कुमार शर्मा पिता रामनिवास शर्मा,** (सभी उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर हैं), सभी के पता हैं : 3/13, वार्ड नं. 9, मोहल्ला विश्रामनगर, गली-विनोद सिंह की चाल, पाली रोड दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.) और **यहां पर भी :** खसरा नं. 586/63, ग्राम अंजोरा प. ह. नं. 5/28 आरआईसी दुर्ग तहसील एवं जिला - दुर्ग (छ.ग.) 491001. | **डिमांड नोटिस की तिथि 06-08-2019, 1,24,67,528.92/ रुपए** (एक करोड़ चौबीस लाख सड़षठ हजार पांच सौ अट्ठाइस रुपए और ब्यानवे पैसे मात्र) 02-08-2019 तक | औद्योगिक संपत्ति के वह सभी हिस्सा एवं खंड जो खसरा नंबर 586/63 का हिस्सा है, ग्राम अंजोरा, प. ह. नं. 5/28, आरआईसी दुर्ग, तहसील एवं जिला-दुर्ग, कुल परिमाप 442.37 वर्ग मीटर यानी 4760 वर्ग फीट, निर्मित क्षेत्र 3299 वर्ग फीट, संपत्ति मालिक श्री रामनिवास शर्मा पिता श्री सीताराम शर्मा, उप पंजीयन जिला दुर्ग एवं पंजीयन जिला दुर्ग की सीमा के भीतर। घिरे हुए हैं:- पूर्वः चुलई शाह की जमीन, पश्चिम : विक्रेता की जमीन का अन्य हिस्सा, उत्तरः भोला बेलचंदन की जमीन, दक्षिण : सड़क (विक्रेता द्वारा छोड़ा गया) |

| आरक्षित मूल्य | बयाना राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|
| 53,55,000/ रुपए (तिरपन लाख पचपन हजार रुपए मात्र) | 5,35,500/ रुपए (पांच लाख पैंतीस हजार पांच सौ रुपए मात्र) |

| बोली वृद्धि राशि | अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि | नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 1,00,000/- | 6/09/2024, 11:00 बजे- 12:00 बजे | 18/19/2024 11:00 बजे से 12:00 बजे तक |

**प्रस्ताव/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि:- 17/09/2024 शाम 5.00 बजे तक**

**बिक्री की महत्वपूर्ण शर्तें और नियम:**

(1) नीलामी बोली दस्तावेज़ के आगे के नियमों और शर्तों के अनुसार और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है।उसमें. बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर जा सकते हैं। बोली दस्तावेजों, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति के विवरण और बोली प्रपत्र के लिए https//www.bankeauctions.com जिसे ऑनलाइन जमा किया जाएगा, (2) सभी इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को अपना नाम ऊपर उल्लेखित वेब पोर्टल https//www.bankeauctions.com पर पंजीकृत करना होगा और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड स्वयं निःशुल्क जनरेट करना होगा। उपरोक्त तिथि और समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए; (3) ई-नीलामी पर किसी भी पूछताछ, सूचना, समर्थन, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार धरणी कृष्णा के मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विभाग से csd@disposalhub.com के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। मोबाइल नंबरः 9948182222, और ई-मेल आईडीः mpcg@clindia.com और support@bankeauctions.com, (4) अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्ति पर कोई बोझ नहीं है। हालाँकि, इच्छुक बोलीदाता ऊपर उल्लिखित संपत्ति और उसके दस्तावेज़ों या पूर्व नियुक्ति के साथ किसी अन्य तिथि और समय का निरीक्षण कर सकते हैं और उन्हें ई-नीलामी पर रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और दावों/अधिकारों के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए। /बकाया/अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति को प्रभावित करना। ई-नीलामी विज्ञापन में केएमबीएल की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य की बाधाओं के साथ बेची जा रही है, चाहे केएमबीएल को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकार/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा; ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को ब्याज मुक्त भुगतान का विवरण वेब पोर्टल (https//www.bankeauctions.com) पर जमा/अपलोड करना होगा। जैसा कि ऊपर बताया गया है, 'कोटक' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति की वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास पते की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ इंदौर में देय कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड सबूत, कंपनी के मामले में बोर्ड के संकल्प और पते का प्रमाण जैसा कि ऊपर बताया गया है। (5) अन्य सभी बोली लगाने वालों की ईएमडी ई-नीलामी में सफल नहीं होने पर केएमबीएल द्वारा ई-नीलामी बंद होने के 72 कार्य घंटों के भीतर पैसा वापस कर दिया जाएगा। ईएमडी करेगा कोई रुचि न रखें।

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को इसके द्वारा **सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2), 8(6) और 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों का नोटिस** दिया जाता है ताकि वे पूरी देनदारी का निर्वहन कर सकें और बकाया राशि का भुगतान कर सकें। जैसा ऊपर बताया गया है, इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों के भीतर अद्यतन ब्याज और खर्चों के साथ, ऐसा न करने पर सुरक्षित संपत्ति ऊपर उल्लेखित नियमों और शर्तों के अनुसार बेची जाएगी। यदि अंग्रेजी और स्थानीय समाचार पत्र में बिक्री नोटिस के प्रकाशन के बीच कोई विसंगति है, तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी समाचार पत्र स्थानीय समाचार पत्र का स्थान ले लेगा और इसे अंतिम प्रति माना जाएगा, जिससे अस्पष्टता दूर हो जाएगी। यदि उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता बिक्री की तारीख से पहले बैंक को देय राशि का पूरा भुगतान कर देता है, तो नीलामी रोक दी जाएगी

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, बैंक के उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय में **प्राधिकृत अधिकारी प्रशांत सातपुते एट 9724433999, और श्री अशोक मोटवानी एट 9873737351** से संपर्क करें।


**(23) सफल बोलीदाता पैन नंबर पर टीडीएस के लिए बिक्री मूल्य का 1% भुगतान करेगा (बिक्री आय में से) और प्राधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाणपत्र जमा करेगा और बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1% की कटौती के बाद) जमा करेगा टीडीएस के लिए), प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 कार्य दिवसों के भीतर, या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी अन्य विस्तारित समय के भीतर ईएमडी का समायोजन करना, ऐसा न करने पर बयाना जमा राशि जब्त कर ली जाएगी।**

**विशेष निर्देश:** ई-नीलामी हमारे सेवा प्रदाता, मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल) की ओर से पूर्व-निर्दिष्ट तिथि पर आयोजित की जाएगी, जबकि बोली लगाने वाले अपने घर/कार्यालय से बोली लगाएंगे, आरक्षित मूल्य के ऊपर उनकी पसंद के अनुसार उनकी बोली का स्थान। इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य सामग्री आवश्यकताओं को बोलीदाताओं को स्वयं सुनिश्चित करना होगा। कृपया ध्यान दें कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की विफलता (किसी भी कारण से, चाहे वह कुछ भी हो) पूरी तरह से बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी और इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए न तो केएमबीएल और न ही सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जिम्मेदार होंगे। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार कर लें, ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और फिर भी ई-नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। तथापि, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ऐसी किसी भी जटिल स्थिति से बचने के लिए अपनी बोली को उद्धृत करने/उसे सुधारने के लिए अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करें।

**दिनांक : 25/08/2024, स्थान : भिलाई/दुर्ग छत्तीसगढ़** **एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड**


# आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने शिविर लगाकर 63 यूनिट रक्तदान किया

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक में रक्त की आवश्यकता को देखते हुए शनिवार को दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्ग



दर्शन एवं दिशा निर्देश पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आईसीआईसीआई फाउंडेशन सेक्टर 6 भिलाई में सम्पन्न हुआ। इस रक्तदान शिविर में आई सीआईसीआई फाउंडेशन के हेड असफाक अहमद, तपन मिस्त्री, नाजिया नसरीन और छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान शिविर में 63 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। इस रक्तदान शिविर में दुर्ग सीएमएचओ डॉ मनोज दानी, दुर्ग सीएस डॉ हेमंत साहू ,ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ.तुषार चंद्रा, नर्सिंग आफिसर तरूणा रावत,काउंसलर टी एस एंथोनी,लैब टैक्नोलॉजीस्ट रोशन सिंह, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन दिनेश, सूरज,काजल, कौशल, हिमांशु चंद्राकर, अशोक मानिकपुरी प्रशिक्षणार्थी चित्ररेखा,सरस्वती, डेमन, मनोज और रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर की उल्लेखनीय भूमिका और विशेष सहयोग रहा। सभी ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रथम पेज का शेष

### नक्सली अपना रास्ता नहीं...

**96 से घटकर 42 हुए नक्सल प्रभावित जिले :** केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि बिहार, झारखंड, ओड़िशा, मध्यप्रदेश और कुछ हद तक महाराष्ट्र नक्सल समस्या से मुक्त हुआ है। 2004 से 2014 तक 16 हजार घटनाएं हुई थी और 2014 के बाद से अब तक करीब 7 हजार घटनाएं हुई है। करीब 53 फीसदी की कमी आई है। नागरिक सुरक्षा में 79 फ़ीसदी का आंकड़ा रहा है। 2010 में 96 नक्सल प्रभावित जिले थे। आज यह करीब 42 पर आ गए हैं। थानों की संख्या 171 तक सीमित हुई है। 2019 से अब तक सीएपीए के दो सौ से ज्यादा कैंप बनाए गए। वामपंथ उग्रवाद के फाइनेंशियल सिस्टम पर करारा प्रहार किया गया है। इसमें ईडी की भी बड़ी भूमिका रही है।

**सीएम साय और डिप्टी सीएम को दिया धन्यवाद :** केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा को धन्यवाद देता हूं कि नक्सल मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। बड़ी संख्या में नक्सली न्यूट्रालाइज किया गया। नये कैंप खुले। हिड़मा के गांव में जाकर डिप्टी सीएम ग्रामीणों को आधार कार्ड देता है तो यह सब देखकर दिल्ली में हमें सुकून मिलता है। सुकमा के छह गांवों में आजादी के बाद पहली बार आदिवासियों ने मतदान का इस्तेमाल किया है। आज सुरक्षा बलों के जवान सुरक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास के लिए भी योगदान दे रहे हैं।

**नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ी सुविधाएं :** बस्तर में 1500 से ज्यादा मोबाइल टावर लगाकर कनेक्टिविटी देने का काम किया है। सड़कों की कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। हर तीन किलोमीटर में एक डाकघर खोला गया है। बैंक, एटीएम जैसी सुविधाएं पहली बार अंदूरूनी इलाको में पहुंचा है। कौशल विकास के लिए आईटीआई खोले गए हैं। 164 एकलव्य विद्यालय खोले गए हैं।

**नक्सली हथियार छोड़ें, हम उनकी चिंता करेंगे :** श्री शाह ने कहा कि अलग-अलग राज्य सरकारों के बीच जॉइंट टास्क फ़ोर्स बनाया गया है। केंद्र सरकार की एजेंसियां कोआर्डिनेशन को बेहतर कर रही है। फर्जी मुठभेड़ के आरोपों पर अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस अपना काम कर रही है। हम अपना काम कर रहे हैं. शांति वार्ता पर अमित शाह ने अपील करते हुए कहा कि नक्सली सरेंडर करें, हथियार छोड़े हम उनकी चिंता करेंगे। हिड़मा के गांव जाने के सवाल पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्य के गृहमंत्री अगर मुझे लेकर जाएंगे तो मैं चला जाऊंगा।